हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026


तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


11 अखंड ब्राह्मण समाज मनाएगा भगवान ...



12 हनुमान जयंती पर भक्ति का संगम, खाटू श्याम...





## खबर संक्षेप

### गोपनीय सामग्री सत्यापन के लिए अधिकारी नियुक्त

**बलौदाबाजार।** आगामी 10 अप्रैल को पुनः आयोजित होने वाली कक्षा 12 वीं हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री का सत्यापन कराया जाना आवश्यक है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने थानों से केन्द्राध्यक्ष द्वारा निकाले जाने वाले प्रश्न पत्र की सत्यापन हेतु अधिकारी नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बलौदाबाजार में राजस्व निरीक्षक देवेंद्र साहू, लवन में तहसीलदार पेखन टोण्ड्रे, भाटापारा (शहर) में तहसीलदार यशवंत राज, भाटापारा ग्रामीण में अतिरिक्त तहसीलदार प्रेमा मिंज, करही बाजार में नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल, सिमगा में तहसीलदार अनुराग भट्ट, सुहेला में नायब तहसीलदार दिलीप सामल, पलारी में तहसीलदार लीलाधर कंवर, गिधपुरी में नायब तहसीलदार ईश्वर केवट, कसडोल में तहसीलदार विवेक पटेल, गिधौरी में तहसीलदार युवराज कुर्रे, गिरौदपुरी में राजस्व निरीक्षक इस्लाम खान, बया में राजस्व निरीक्षक तेजपाल दुबे, राजादेवरी में राजस्व निरीक्षक तोषराम पटेल, सोनाखान में राजस्व निरीक्षक देवेश देवांगन की ड्यूटी लगाई गई है।

### ब्लॉक कांग्रेस कसडोल की मासिक बैठक कल

**कसडोल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल की मासिक बैठक का आयोजन 7 अप्रैल मंगलवार को किया जाएगा। बैठक दोपहर 1:00 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय कसडोल में संपन्न होगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दयाराम वर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बैठक में संगठन के विभिन्न स्तरों के गठन एवं सुदृढ़ीकरण को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से बूथ कमेटी, वार्ड कमेटी, पंचायत कमेटी एवं बीएलओ-2 के गठन के संबंध में विचार-विमर्श एवं परिचर्चा प्रस्तावित है। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसजन, किसान कांग्रेस, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, जनप्रतिनिधिगण, मंडल अध्यक्षगण सहित बूथ एवं सेक्टर स्तर के सभी अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### लापरवाही : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर में बड़ी लापरवाही

# ड्यूटी समय से पहले घर चली गई नर्स प्रसव के लिए आई महिला तड़पती रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शासन-प्रशासन की मंशा है कि ग्रामीण अंचल की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षित प्रसव का लाभ मिले, लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर में तैनात कर्मचारियों की मनमानी इस मंशा पर पानी फेर रही है। यहां एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की लापरवाही के चलते प्रसव के लिए आई महिला को घंटों दर्द से कराहना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर में पदस्थ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कुमारी इंका साहू अपने निर्धारित ड्यूटी समय से पहले ही अस्पताल छोड़कर अपने घर (गंतव्य) के लिए रवाना हो गईं। बताया जा रहा है कि वे अस्पताल से लगभग 15 किलोमीटर दूर से आना-जाना करती हैं। शाम के समय जब एक गर्भवती महिला प्रसव के लिए अस्पताल पहुँची, तब पता चला कि वहाँ प्रसव कराने के लिए कोई भी नर्स मौजूद नहीं थी।

## आनन-फानन में दूसरी सिस्टर की ड्यूटी लगाई

### व्यवस्था की गई

डॉ. फलित जालान, प्रभारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर ने बताया की जैसे ही मुझे सिस्टर की ड्यूटी के संबंध में लापरवाही की जानकारी मिली, मैंने तत्काल दूसरी सिस्टर की वैकल्पिक व्यवस्था कर दी थी ताकि मरीज को परेशानी न हो। वहीं, इस मामले में खंड चिकित्सा अधिकारी (BMO) बिलाईगढ़ डॉ. शशी कुमार जायसवाल से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताया।




### ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद हुई व्यवस्था

अस्पताल में सिस्टर के न होने की जानकारी जब ग्रामीणों को मिली, तो उन्होंने तत्काल प्रभारी डॉक्टर से संपर्क किया। ग्रामीणों के दबाव और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी डॉक्टर ने आनन-फानन में दूसरी सिस्टर की ड्यूटी लगाई। तब तक प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला दर्द से तड़पती रही। ग्रामीणों का कहना है कि जिस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को कभी सुरक्षित प्रसव के लिए क्षेत्र में प्रख्यात माना जाता था, वहाँ ऐसे गैर-जिम्मेदाराना माहौल से संस्था की छवि खराब हो रही है।

### हो सकती थी बड़ी अनहोनी

हॉस्पिटल में पहले से भी अन्य मरीज और जच्चा-बच्चा भर्ती थे। ऐसे में ड्यूटी पर तैनात सिस्टर का समय से पहले चले जाना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। यदि इस दौरान कोई गंभीर स्थिति निर्मित हो जाती, तो इसका जिम्मेदार कौन होता? शासन ने यहाँ चौबीसों घंटे प्रसव सुविधा के लिए सिस्टर की व्यवस्था सुनिश्चित की है, ताकि आपात स्थिति में किसी को भटकना न पड़े।

### कार्यवाही की मांग

क्षेत्र के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाली स्वास्थ्य कार्यकर्ता के खिलाफ उचित दंडात्मक कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो और मरीजों की जान जोखिम में न डाली जाए।

# प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे व अनुविभागीय अधिकारी विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत भटगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुरानी रंजिश पर जानलेवा हमला करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

दिनांक 1 अप्रैल को प्रार्थिया हराबाई पटेल (निवासी करमंदी) ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 31 मार्च की शाम करीब 7:30 बजे उनके पुत्र भगवाना पटेल पर गांव के ही गंगाराम पटेल ने पुरानी रंजिश को लेकर डंडे और पत्थर से प्राणघातक हमला किया। हमले में भगवाना के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए बिलाईगढ़ अस्पताल ले जाया गया। वर्तमान में घायल का उपचार बिलासपुर के स्वास्तिक अस्पताल में जारी है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी शिवकुमार धारी के नेतृत्व में आरोपी गंगाराम पटेल के विरुद्ध धारा 109 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

■ डंडे और पत्थर से सिर पर किया गया हमला

### पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार किए बरामद

विवेचना के दौरान 4 अप्रैल 2026 को आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते करमंदी नाला के पास भगवाना पटेल को रोककर गाली-गलौज करने और डंडे व पत्थर से सिर पर हमला करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा और पत्थर बरामद कर लिया है। आरोपी गंगाराम पटेल (पिता पंचराम पटेल) को विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिवकुमार धारी, प्रधान आरक्षक एकराम सिदार, आरक्षक राहुल खूंटे, खेलावन बघेल, अमित चौहान और कमल कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

# मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहा था नशे का काला कारोबार, प्रतिबंधित दवाइयां जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

मुखबिर से सूचना मिली थी की जय मां शारदा मेडिकल हाल सिमगा के संचालक द्वारा अपने मेडिकल दुकान में प्रतिबंधित टेबलेट, इंजेक्शन एवं कफ सिरप रखा गया है, जिसको संचालक द्वारा अवैध रूप से लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से इन प्रतिबंधित दवाइयां का नशे के रूप में उपयोग करने वाले विभिन्न लोगों को बिक्री किया जाता है। की सूचना पर पुलिस



अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 3 अप्रैल को सुनियोजित योजना बनाकर जय मां शारदा मेडिकल हाल बेमेतरा रोड सिमगा में दबिश दिया गया। इसके साथ


⏩ शेष पेज 11 पर


### 4 पत्ता टैबलेट, 40 इंजेक्शन और 06 कफ सिरप जब्त

इस दौरान पुलिस टीम को अचानक अपने सामने देखकर योगेश कुमार देवांगन उम्र 36 साल निवासी कंकालिन पारा सिमगा थाना सिमगा संचालक शारदा मेडिकल स्टोर्स सिमगा हड़बड़ा गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण दुकान का सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया है, जिसमें दुकान में कई प्रतिबंधित टैबलेट, सिरप एवं इंजेक्शन होना पाया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी से प्रतिबंधित 04 पत्ता टैबलेट, 40 नग इंजेक्शन, 06 नग कफ सिरप बरामद किया गया है, जिसका बाजार मूल्य 2265 है।

## 35 पौवा शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार

**सिमगा।** मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर सिमगा पुलिस द्वारा ग्राम करहुल तालाब के पास में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एक आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी पता तलाश की जा रही है। आरोपी शराब कोचिया डोमन निषाद उम्र 21 साल निवासी ग्राम अकोली थाना नांदघाट जिला बेमेतरा से 3500 कीमत मूल्य का 35 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल क्रमां सीजी 22 एएफ 1973 एवं एक्टिवा स्कूटी क्र.सीजी 22 एएफ 7996 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 34 (2) आबकारी के तहत कार्यवाही की गयी है।



# गांजा बेचते चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 04 अप्रैल को थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करमदा, डमरू एवं रिसदा रोड बायपास में मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। *आरोपियों द्वारा बेहद शातिर



तरीके से अपने घर, दुकान एवं ढाबा में छोटे-छोटे पैकेट एवं पुड़िया बनाकर गांजा की बिक्री की जा रही थी। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों एवं उनके घर, दुकान एवं ढाबा का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों से 04 अलग-अलग मामलों में 15,000 कीमत मूल्य 1.497 ग्राम गांजा एवं बिक्री रकम 170 जप्त किया गया है। कि प्रकरण


⏩ शेष पेज 11 पर


# एक ही रात में 4 गाड़ियों के शीशे तोड़ पार की बैटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी से आमजन में दहशत का माहौल है। बीते दिनों एक ही रात में अज्ञात चोरों ने चार अलग-अलग गाड़ियों को निशाना बनाते हुए उनके शीशे तोड़कर बैटरी चोरी कर ली। इससे पहले भी इसी तरह की तीन घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे स्पष्ट है कि चोर गिरोह लगातार सक्रिय है और पुलिस की पकड़ से बाहर बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर



सुनसान इलाकों में खड़ी गाड़ियों को निशाना बना रहे हैं। वे बेहद शातिर तरीके से गाड़ियों के शीशे तोड़कर बैटरी निकाल लेते हैं और मौके से फरार हो जाते हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की वारदातों से पुलिस


⏩ शेष पेज 11 पर


### श्रीमद्भागवत कथा में गूंजे भगवान श्री कृष्ण के जयकारे

# रुक्मिणी विवाहोत्सव में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

ग्राम सेल मे आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा के छठवे दिन रुक्मिणी विवाहोत्सव मे भक्त हजारों की संख्या मे उपस्थित रहें। सुंदर झांकी एवं मधुर गीत संगीत के साथ भक्तों ने नाच गाकर भारी उत्साह के साथ खुशियां मनाई ग्राम सेल मे शीतला चौक मे धजाराम साहू एवं उनके परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे आज छठवे दिवस की कथा आचार्य पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय ने भगवान की बाल लीलाओ की कथा से प्रारम्भ की जिसमें पूतना मोक्ष से लेकर कालिया मर्दन गोवर्धन धारण सहित महारास के प्रसंग की व्याख्या की गई। आचार्य ने भगवान की बाल



लीलाओ मे जीव के कल्याण के लिए जितने भी गूढ रहस्य है उन सभी को भक्तों को सुनाया रास की व्याख्या करते हुये बताया गया की भागवत का रास पंच अध्यायी की कथा भागवत के पंच प्राण है। ये कथा आत्मा और परमात्मा की मिलन की कथा है। इस रास मे काम का मर्दन करने के कारण भगवान मदन मोहन कहलाये, आगे भगवान का मथुरा गमन कंस मर्दन के साथ द्वारिका निर्माण एवं भगवान के विवाह उत्सव के प्रसंग सुनाई गई । पूजा के मुख्य यजमान सरोज अर्जुन साहू एवं चंचल नकुल साहू है, साथ ही आयोजक के ज्येष्ठ पुत्र एवं पुत्रवधु मीना संतोष साहू, हीराबाई सहदेव साहू, पुरे परिवार सहित भक्तों के उत्साह से बहुत आनंदित है कल कथा का विश्राम दिवस है। सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष के साथ कल कथा विश्राम होंगी।





# कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को भाजपा मंत्रियों-विधायकों के साथ मंच साझा करना प्रतिबंधित

## रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा- पार्टी अनुशासन को बनाए रखने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने पार्टी अनुशासन को बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच, जनपद सदस्य सहित सभी चुने हुए जनप्रतिनिधियों को छोड़कर, रायपुर जिले के समस्त अन्य कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि अब से किसी भी हालत में जिले के भाजपा विधायकों, मंत्रियों या अन्य प्रमुख भाजपा नेताओं के साथ सार्वजनिक मंच साझा करना या उनके द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम समारोह में भाग लेना पूर्णतः वर्जित रहेगा। श्री बंजारे ने कहा, चुने हुए जनप्रतिनिधि केवल सरकारी कार्यक्रमों में ही औपचारिक रूप से भाजपा मंत्रियों-विधायकों के साथ मंच साझा कर सकते हैं। सरकारी कार्यक्रमों के अलावा किसी भी गैर-सरकारी कार्यक्रम, समारोह, सार्वजनिक मंच या भाजपा द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में भाग लेना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आएगा और ऐसे में उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, चुने हुए जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी कार्यक्रमों में भी जहां भाजपा के विधायक या मंत्री कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आदतन गलत बयानबाजी करते हैं, कांग्रेस को कोसते हैं या पार्टी की छवि खराब करने वाले बयान देते हैं, ऐसे कार्यक्रमों में जाने से पूर्णतः परहेज करें। ऐसी स्थिति में औपचारिकता का बहाना बनाकर भी मंच साझा करने या उपस्थित रहने से बचना चाहिए।



### होगी कड़ी कार्रवाई

उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी अनुशासन की मिसाल है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों को छोड़कर यदि कोई भी नेता, पदाधिकारी या कार्यकर्ता इस सख्त निर्देश की अवहेलना करता है, तो उससे तुरंत लिखित स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन या पार्टी से बाहर करने तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है।

### सख्ती से करें पालन

चुने हुए जनप्रतिनिधि भी यदि सरकारी कार्यक्रमों के अलावा किसी अन्य कार्यक्रम में भाजपा नेताओं के साथ मंच साझा करते हैं या कांग्रेस विरोधी बयानबाजी वाले माहौल में भाग लेते हैं, तो वे भी अनुशासनहीनता की श्रेणी में आएंगे और उनके विरुद्ध समान कार्रवाई की जाएगी। पार्टी अब किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने सभी कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह की कि वे इस निर्देश का सख्ती से पालन करें। पार्टी की एकता, विचारधारा और साख बनाए रखना हर कांग्रेसजन का सर्वोच्च दायित्व है। कोई भी अनुशासन भंग करने वाला कार्यकर्ता या नेता पार्टी की नजरों में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### राजस्व मंत्री से मिला आरआई एसोसिएशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ की नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी ने प्रांताध्यक्ष प्रशांत दुबे के नेतृत्व में राजस्व मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान संघ की समस्यों और मांगों पर सार्थक चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से डीपीसी उपरांत 42 लोगों की पदोन्नति सूची जारी करने के बाद शेष बचे 14 लोगों का पूरक पदोन्नति सूची जारी करने के लिए निवेदन किया गया, जिस पर मंत्री सहमति दी। वर्तमान बजट में संसाधन भत्ता के लिए प्रावधानित 1.25 करोड़ की राशि को राजस्व निरीक्षकों को दिये जाने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव विजय कुमार शर्मा, उपकोषाध्यक्ष राजकुमार साहू, कार्यकारणी के अन्य सदस्य पवन कश्यप,महेश साहू,शेख समीर, गोपाल प्रधान, जिला दुर्ग से जिला पदाधिकारी कैलाश साहू, राकेश वर्मा, सत्येंद्र कन्नौजे उपस्थित रहे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान जिला स्तरीय बैठक हुई

**रायपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी की उपस्थिति में हुई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनूप वर्मा, निजी अस्पताल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला, आईएमए के पूर्व रायपुर अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, फोगसी की अध्यक्ष डॉ. मोनिका पाठक,सहित जिले के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। टीबी नोडल अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के द्वितीय चरण में आयुष्मान आरोग्य शिविरों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता एवं स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही निजी अस्पतालों से संभावित टीबी मरीजों की जानकारी साझा करने, एक्स-रे जांच कराने एवं "निक्षय मित्र" के रूप में सहभागिता करने की अपील की गई। जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

टीएमसी सरकार के अन्याय का जवाब देने पश्चिम बंगाल की जनता पूरी तरह तैयार

# सीएम साय बोले- बंगाल में परिवर्तन की लहर, बनेगी भाजपा की सरकार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बंगाल में शनिवार को भाजपा नेताओं के नामांकन में शामिल हुए। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में परिवर्तन की लहर है। भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा, जनता का अभूतपूर्व समर्थन यह संकेत दे रहा है कि इस बार पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनने जा रही है और टीएमसी का सफाया निश्चित है।

श्री साय ने ममता बनर्जी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, पिछले 15 वर्षों में पश्चिम बंगाल की जनता को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना और किसान सम्मान निधि जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ गरीबों और किसानों तक नहीं पहुंच पाया। राज्य में रोजगार के अवसरों की भारी कमी है और महिलाओं से किए गए आर्थिक सहायता के वादे भी पूरे नहीं किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बहन-बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है और युवाओं के सामने रोजगार का संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसी सरकार को दोबारा सत्ता में आने से रोकें और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन देकर पश्चिम बंगाल में सुशासन और विकास की नई दिशा सुनिश्चित करें।

### जनसभा को भी किया संबोधित

*मुख्यमंत्री श्री साय ने आज पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान नयाग्राम, गोपीबल्लवपुर, झारग्राम एवं बिनपुर विधानसभा क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया तथा जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन की अपील की। मुख्यमंत्री श्री साय ने झारग्राम की भूमि को वीर सपूतों और विद्वानों की धरती बताते हुए यहां के भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन किया। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी केवल देश ही नहीं, बल्कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम के बल पर सर्वोच्च पदों तक पहुच सकता है। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा, एक किसान परिवार से आने के बावजूद पार्टी ने उन्हें सांसद, विधायक, प्रदेश अध्यक्ष और आज मुख्यमंत्री जैसे दायित्व सौंपे - जो भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा को दर्शाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्वयं एक साधारण परिवार से आए हैं और पिछले वर्षों में उन्होंने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ देश के हर वर्ग के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि भाजपा सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर राज्य में सरकारी कर्मचारियों के लिए 7वां वेतनमान लागू किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर जनसंपर्क करने और भाजपा के पक्ष में मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया।*

# माओवाद के अंत के साथ बस्तर में विकास को मिलेगी नई दिशा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव के सुदूर अंचल स्थित ग्राम केजंग में क्षेत्रवासियों को लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए के 11 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क, भवन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं सड़कों, पुलों, जल संरक्षण के कार्य और सामुदायिक भवनों का निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल में आवागमन को आसान बनाना, कृषि को मजबूती देना और ग्रामीण जीवनस्तर में सुधार लाना है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आम नागरिकों के हित में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र पूर्व में माओवाद से प्रभावित रहा है, किन्तु पूरा छत्तीसगढ़ माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो गया है और अब बस्तर संभाग भयमुक्त होकर विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ेगा और अधिक समृद्ध होगा। उन्होंने कहा, इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार मिलेगा।

■ कांग्रेस अपराध एवं अपराधियों को संरक्षण देने वाली पार्टी बन गई है

### नियद नेल्लानार, बीजापुर में स्वास्थ्य क्रांति

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए संचालित 'नियद नेल्लानार' योजना अब धरातल पर सार्थक परिणाम दे रही है। जिला बीजापुर के दुर्गम क्षेत्र ग्राम पालनार में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के खुलने से तीन महीने में सैकड़ों ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। आसपास के गांवों में स्वास्थ्य के प्रति आई इस जागरूकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस अल्प अवधि में ही कुल 747 मरीजों ने ओपीडी सेवाओं का लाभ उठाया है।

# राशन दुकानों में नहीं पहुंचा चावल, सरकार 3 माह का चावल देने का प्रोपोगंडा कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 7 अप्रैल से राशन दुकानों से एकमुश्त तीन माह का चावल दिये जाने पर सवाल खड़ा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पिछले पांच महीने से सरकार राशन दुकानों को नियमित राशन तो पहुंचा नहीं पायी है। हकीकत यह है कि अभी तक दुकानों में मात्र 30 प्रतिशत चावल ही उपलब्ध है। भारतीय जनता पार्टी सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है तब से पीडीएस के स्टॉक का भौतिक सत्यापन ही नहीं हो रहा है। सहकारी सोसाइटी और उपभोक्ता दुकानें भाजपा के नेताओं के लिए चारागाह बना दिया गया है। गरीबों के राशन में घोटाला कर चावल दूसरे राज्यों में बेचा जा रहा है।

उन्होंने कहा, यह सरकार का जनविरोधी कदम है, सरकार नहीं चाहती कि सभी को राशन देना पड़े, इसलिए केवाईसी का बहाना कर राशन वितरण रोक दिया गया है। 32 लाख उपभोक्ताओं के राशन कार्ड केवाईसी के नाम पर काट दिया गया। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार के दौरान पीडीएस की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पूरे देश में चर्चित थी, 81 लाख परिवार का राशन कार्ड बनाया गया स्थानीय निकाय ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर निगमों में सामान्य सभा में सूची प्रकाशित करके दावा आपत्ति मंगाने के बाद अनुमोदन के आधार पर राशन कार्ड जारी किए गए।




■ नहीं हो रहा पीडीएस का भौतिक सत्यापन, उपभोक्ता दुकानें भाजपा के नेताओं के लिए चारागाह बनीं- कांग्रेस

# बृजमोहन की फ्लाईओवर के स्थान पर तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण की सीएम से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण के स्थान पर सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।

श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में लिखा है कि यह मार्ग शहर के मध्य स्थित अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्ततम क्षेत्र है, जहां घनी आबादी और व्यावसायिक गतिविधियों के कारण यातायात का अत्यधिक दबाव बना रहता है। उन्होंने कहा, पूर्व में मुख्यमंत्री स्वयं इस मार्ग के चौड़ीकरण के पक्ष में निर्णय ले चुके हैं, लेकिन वर्तमान बजट में फ्लाईओवर निर्माण की घोषणा से आमजन में असंतोष व्याप्त है। श्री अग्रवाल ने बताया, मात्र 600-700 मीटर का यह हिस्सा ही जीई रोड का ऐसा भाग है, जो अब तक चौड़ीकरण से वंचित है और वर्तमान में "बॉटलनेक" बनकर पूरे शहर के यातायात को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संकीर्ण और घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण न केवल अप्रभावी सिद्ध होगा, बल्कि स्थानीय व्यापार एवं संरचना पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि सड़क चौड़ीकरण की मांग वर्षों से की जा रही है और इसे नगरीय निकाय चुनाव 2025 के "अटल विश्वास पत्र" में भी शामिल किया गया था। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई, जो चिंता का विषय है।

# मार्कण्डेय बोले- कांग्रेस पदाधिकारियों ने शासकीय जमीन पर किया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपराध को बढ़ावा देने वाली एवं अपराधियों को संरक्षण देने वाली पार्टी बन गई है। कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा आरंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोढ़ी की शासकीय जमीन की अवैध रूप से कांग्रेस के ही पदाधिकारियों के नाम से खरीदी-बिक्री की गई है।

डॉ. मार्कण्डेय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, इस अवैध खरीदी बिक्री में तत्कालीन पंचायत सचिव, सरपंच, उपसरपंच की मिलीभगत है। कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा की गई अवैध खरीदी-बिक्री को लेकर मंदिरहसौद थाना क्षेत्र में इसकी शिकायत भी की गई है और प्रशासनिक स्तर पर इसकी जांच भी हो रही है। डॉ. मार्कण्डेय ने बताया, ग्राम गोढ़ी में पूर्व सरपंच गोपाल धीवर वर्तमान में कांग्रेस सेक्टर प्रभारी आरंग है एवं उनकी पत्नी वर्तमान में जनपद सदस्य है। इनके द्वारा गांव के गैर निवासी के नाम पर शासकीय भूमि दर्ज की गई है। प्रगति मिश्रा के नाम लगभग 4 एकड़ शासकीय भूमि बिना कब्जा के अवैधानिक रूप से पंचायत में प्रस्ताव पारित कर दे दी गई है। इस शासकीय भूमि पर अवैधानिक रूप से कब्जा किया गया है। मंदिर हसौद नगर पालिका में वार्ड क्र.-12 से कांग्रेस पार्षद अनुज मिश्रा हैं, जिसे गलत तरीके से 20 वर्ष से काबिज दिखाकर जमीन आबंटन की गई है, वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग मे महामंत्री के पद पर काबिज प्रवीण सिंह ने भी अवैध तरीके से शासकीय भूमि पर कब्जा किया है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा, शासकीय भूमि का गलत तरीके से पट्टा बनाकर उसकी खरीदी-बिक्री की गई है। जो लोग इस घटना में संदिग्ध हैं, अभी फरार हैं। कांग्रेस ने अभी तक अपने पदाधिकारियों के ऊपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है। एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी होने के नाते उनके ऊपर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन कांग्रेस तो अपराध को बढ़ावा देकर अपराधियों को संरक्षण देने का काम करती रही है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपराधियों का प्रोडक्शन हाउस बन गई है।

लापरवाही से पंजीकृत किसानों की गिरदावरी की एंट्री नहीं

# पंजीयन के पहले ही गिरदावरी पोर्टल लॉक पीएम आशा योजना के लाभ से किसान वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के रबी दलहन-तिलहन उत्पादक किसानों को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये पीएम आशा योजना का लाभ लेने से अनेकों किसान वंचित हो गये हैं। बताया गया है कि किसान पंजीयन पोर्टल के पहले ही गिरदावरी पोर्टल को लाक करने के कारण ऐसा हुआ है।

किसान पंजीयन के लिए शासन ने अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की थी, लेकिन इसके पहले ही गिरदावरी पोर्टल विभागीय तालमेल न होने की वजह से बीते 26 मार्च से बंद हो गया है, जिसके चलते क्राप सर्वे की एंट्री नहीं हो पा रही। ज्ञातव्य हो कि केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और संकटग्रस्त बिक्री को रोकने के उद्देश्य से विभिन्न दलहन-तिलहन फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान बनाया है। प्रदेश के कृषि विभाग ने पहले एकीकृत किसान पोर्टल में ऐसे किसानों के पंजीयन के लिए 1 दिसंबर से 28 फरवरी की तिथि व क्राप सर्वे रिपोर्ट एंट्री करने गिरदावरी पोर्टल 25 मार्च तक खुला रखने का निर्णय लिया था।

### गिरदावरी की एंट्री 25 मार्च को बंद

कृषि संचालक व विभिन्न जिलाधीशों द्वारा डिजिटल क्राप सर्वे का डाटा तकनीकी त्रुटि के कारण अपडेट नहीं हो पाने के फलस्वरूप संबंधित पोर्टल पर कृषक पंजीयन का रकबा, खसरा का प्रविष्टि नहीं होने की जानकारी देते हुये पंजीयन की अवधि बढ़ाने की मांग पर किसान पंजीयन की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गयी। राजस्व विभाग द्वारा किये जाने वाले क्राप सर्वे (गिरदावरी) का एंट्री का निर्धारित तिथि विभागीय लापरवाही के चलते 25 मार्च ही रह गया। इसकी वजह से 26 से 31 मार्च तक पंजीयन कराने वाले किसानों का डिजिटल क्राप सर्वे का डाटा एंट्री नही हो पाने की जानकारी देते हुये किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, प्रमुख सचिव विकासशील व मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से ज्ञापन भेज गिरदावरी पोर्टल आगामी 15 अप्रैल तक रबी उत्पादक किसानों के व्यापक हित में पुनः खुलवाने की मांग की है।

# गौण खनिजों की खनन प्रणाली को डिजिटल और एकीकृत बनाने का प्लान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और सुदृढ़ प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। आगामी वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार का विशेष ध्यान गौण खनिजों को भी 'खनिज 2.0' प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर रहेगा, जिससे संपूर्ण खनन प्रणाली को डिजिटल और एकीकृत बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, खनिज परिवहन की निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए वीटीएस, आई-चेक गेट्स तथा ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली को और व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में 16,625 करोड़ का खनिज राजस्व अर्जित कर लक्ष्य का 98 प्रतिशत प्राप्त किया है, जो सुशासन, प्रभावी नीति क्रियान्वयन और मजबूत निगरानी व्यवस्था का प्रत्यक्ष परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल प्रभावी प्रशासनिक रणनीति का परिणाम है, बल्कि राज्य की खनिज आधारित अर्थव्यवस्था की मजबूती को भी दर्शाती है। इस वर्ष खनिज राजस्व में 14 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले पांच वर्षों की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6 प्रतिशत से दोगुनी से अधिक है। यह वृद्धि राज्य शासन द्वारा अपनाए गए सुधारात्मक और तकनीकी उपायों की सफलता को रेखांकित करती है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मां शीतला के चरणों में हीरा जड़ित चांदी का नेत्रदान

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव की नगर कुलदेवी मां शीतला के चरणों में नगर के वरिष्ठजन स्व.जीवन लाल पुरैना की स्मृति में उनके पुत्र वीरेंद्र पुरैना इंडियन आर्मी व उनके परिजन द्वारा हीरा से जड़ित चांदी का नेत्र दान किया गया है।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का 15वां स्थापना दिवस आज

**महासमुंद।** शहर के गोल बाजार स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का 15वां स्थापना दिवस आज सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। फुटकर व्यापारी संघ के अध्यक्ष भारत खत्री ने बताया कि इस पावन अवसर पर हनुमान के भक्तों के सानिध्य में विशेष हवन-पूजन और महा भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे से होगी, जिसमें दोपहर 12 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन, पूजन और महाआरती की जाएगी।

### घोड़ारी में सतनाम गुरु ग्रंथ समारोह आज से

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में 6 से 9 अप्रैल तक अखंड तीन दिवसीय सतनाम गुरु ग्रंथ समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यकम में प्रत्येक मंडली को सतनाम समाज द्वारा 1302 रुपए व दानदाता द्वारा 569 रुपए सम्मान राशि दी जाएगी। कार्यकम का शुभारंभ 6 अप्रैल को सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। जिसमें सतनाम सेना अखाड़ मुंगेली का भव्य प्रदर्शन होगा। कार्यकम में प्रमुख अध्यक्ष रामकुमार बंजारे, उपाध्यक्ष भुवन बंजारे, सचिव सुधीर बंजारे, कोषाध्यक्ष महेंद्र ओगरे सहित संगरक्षक नैनकुमार बंजारे, राजेश मन्नाडे, सावंत गायकवाड, छन्नू रात्रे, लीलाधर जोशी, संतोष ओंगरे, सियाराम कोसले रहेंगे। विशेष कार्यकर्ता में सुनील बंजारे, प्रवीण परमार, चंदन मन्नाडे, राजेश भारती, सुमीत धृतलहरे अमरदास बंजारे, चंद्रशेखर सोनवानी होंगे।

**सम्मेलन :** अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का जिपं अध्यक्ष संजय भूषण ने किया शुभारंभ

# कवि सम्मेलन में गूंजे ठहाके देर रात तक झूमते रहे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव में रविवार को भटगांव मेला महोत्सव उद्घाटन समारोह चैतराइ मेला के पावन अवसर पर नगर पंचायत भटगांव के ओर से अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मुर्तिकार दाता दीवाना एवं संचालन हास्य के कवि बंसीधर मिश्रा ने किया जिसकी शुरुआत अंजू लता अंजू ने सरस्वती वंदना के साथ की। नगर पंचायत भटगांव द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के जाने माने कवियों ने कार्यक्रम में शिरकत की कवियों ने देस विदेश की वर्तमान स्थिति से लेकर राजनीतिक राजनेताओं के ऊपर हास्य कविताओं और व्यंग कविताओं के माध्यम से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। देश भर से आए जाने माने कवियों ने कवि सम्मेलन में ऐसा समां बांधा कि लोग हंस हंस के लोटपोट हो गए। जहां कवियों द्वारा एक आम नागरिक से लेकर राजनेता तक की बाते सुनाई तो वहीं प्रेमिका से लेके पत्नी तक के मुद्दे अछूते नहीं रहे। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत की संचालन शिक्षक संजीव राजेत्री ने की कवि सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में दर्शक पूरा समय तक बने रहे और कविता पाठ का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के लिए भव्य स्टेज लाइटिंग और पुलिस व्यवस्था की गई थी। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि दस बजे से प्रारंभ की गई और देर रात दो तीन बजे तक चलता रहा। न तो कार्यक्रम में कवि थकते नजर आए और नहीं सुनने वाले लगातार कार्यक्रम चलता रहा।



### प्रमुख जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

कवि सम्मेलन में बंसीधर मिश्रा हास्य बिलाईगढ़, मधुप श्रीवास्तव नर कंकाल हास्य लखनऊ, उत्कर्ष उत्तम हास्य उन्नाव, नरेंद्र गुप्ता विररस रायगढ़, अंजु लता अंजू श्रृंगार रस बिलासपुर, भूषण बायपास हास्य भटगांव, दाता दीवाना हास्य भटगांव ने अपनी कविताओं की क्रमशः बारी बारी से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इनकी रही उपस्थिति जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल,पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री हरिनाथ खूंटे, ग्रंथपाल डॉक्टर गिरीश शंकर वैष्णव, नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे,नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन,नगर पंचायत पवनी के अध्यक्ष कुलदीपक साहू, उपाध्यक्ष नंदू साहू, मंडल अध्यक्ष धीरज दीक्षित, पार्षद महादेवा यादव, दुर्गेश्वरी रामा हिरवानी, बृजभूषण केसरवानी, देवेंद्र (पप्पू)यादव, रेवती रमाकांत पटेल, रामकुमार सिदार, अमीरून निशा खान,उमा गणेश यादव, संतोष कुर्रे, धर्मेंद्र साहू, रामदुलार साहू, खिलेश्वर पटेल, संदीप पटेल, मोनू यादव, योगेश केसरवानी, बसंत सोनी, उमा धीवर, पूर्व पार्षद सुरेश रघु, पूर्व एल्डरमैन संजीव गुड्डा साहू, तुलसी आदित्य, विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि जायसवाल तथा सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# डिजिटल इंडिया का दर्द अनपढ़ बुजुर्गों पर भारी पड़ रहा ऑनलाइन सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दूर-दराज के गांवों से जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों और उनके परिजनों को इन दिनों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर समस्या ऑफलाइन टोकन सिस्टम के बंद होने और मरीज के साथ आए परिजनों को खाना खाने के लिए उचित जगह नहीं होना एवं सोनोग्राफी सुविधा के ठप होने से उत्पन्न हुई है। पिछले कुछ समय से जिला अस्पताल में ऑफलाइन पर्ची कटाने या टोकन लेने की व्यवस्था पूरी तरह बंद कर दी गई है। अब केवल ऑनलाइन माध्यम से ही टोकन दिए जा रहे हैं।

इसका सीधा असर ग्रामीण इलाकों से आने वाले उन बुजुर्गों और मरीजों पर पड़ रहा है जिनके पास न तो एंड्रॉयड फोन है और न ही उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी है। ग्रामीण क्षेत्र से आए रामलाल ध्रुव ने बताया कि उनके पास छोटा फोन है, जिससे ऑनलाइन टोकन नहीं कट पा रहा है। वहीं, बिसाहिन बाई का कहना है कि वे पढ़ी-लिखी नहीं हैं, ऐसे में ऑनलाइन सिस्टम उनके लिए मुसीबत बन गया है। अस्पताल में कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण इन लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या दूसरों की मदद मांगनी पड़ती है।



### दो महीने से सोनोग्राफी बंद, भटक रहे मरीज

अस्पताल में पिछले दो से तीन महीनों से सोनोग्राफी सिस्टम बंद पड़ा है। बताया जा रहा है कि पूर्व में पदस्थ डॉक्टर के जाने के बाद से अब तक नए डॉक्टर की ज्वाइनिंग नहीं हुई है। संतोष साहू, जो अपनी गर्भवती पत्नी का चेकअप कराने आए थे, उन्होंने बताया कि अस्पताल में मशीन है, लेकिन डॉक्टर न होने के कारण उन्हें निजी केंद्रों में अधिक रकम देकर सोनोग्राफी करानी पड़ रही है। गरीब मरीजों के लिए यह आर्थिक बोझ असहनीय होता जा रहा है।

# मेडिकल रिकॉर्ड किए जा रहे नष्ट मरीज ले सकते है प्रतिलिपि

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बसना द्वारा वैधानिक नियमों के तहत वर्ष 2019 एवं 2020 के सभी मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट किए जा रहे हैं। जिन मरीजों अथवा उनके परिजनों को मेडिकल रिकॉर्ड की प्रतिलिपि आवश्यक है, वे 30 अप्रैल 2026 तक अस्पताल के प्रशासनिक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त करने के लिए मरीज से संबंधित उचित जानकारी एवं आवश्यक अनुमति पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी संबंधित व्यक्तियों से अपील की गई है कि निर्धारित तिथि के भीतर अस्पताल में आकर अपने मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त कर लें। 30 अप्रैल 2026 के बाद सभी रिकॉर्ड स्थायी रूप से नष्ट कर दिए जाएंगे।



# बस स्टैंड के पास मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बस स्टैंड के पास सरायपाली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को रविंद्र किशोर कानूनगो निवासी उडियापारा वार्ड क्र. 12 ने बताया कि वह पडित होटल में था, उसी समय पता चला कि उसके लड़के कमलेश कानूनगो के साथ कुछ लड़के गाली-गलौच कर डंडा तथा राड अन्य सामान से मारपीट कर रहे हैं। जिसे इलाज हेतु सरायपाली अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसे डॉक्टर ने महासमुंद जिला अस्पताल रेफर किया है। प्रार्थी ने मामले में आरोपी दीपक सिंह, आर्यन पटनायक, बबलू यादव व उनके अन्य साथी के विरूद्ध रिपोर्ट लिखाई है, जिस पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# अखंड ब्राह्मण समाज मनाएगा भगवान परशुराम प्रकट्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर/पलारी

अखंड ब्राह्मण समाज पलारी द्वारा गायत्री मंदिर पलारी में आयोजित बैठक में आगामी 19 अप्रैल और 24 अप्रैल को भगवान परशुराम प्रकट्य उत्सव मनाने की रूपरेखा तय की गई। समाज प्रमुख उमाशंकर मिश्रा अनिरुद्ध मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, सत्यनारायण शर्मा, मुकेश झा यशप्रभा पांडे एवं धीरज मिश्रा सहित समाज के पदाधिकारी के मार्गदर्शन में या निर्णय लिया गया कि समाज को एकदम संगठन में रखना है समाज के कोई व्यक्ति के सुख-दुख में शामिल होकर यथाशक्ति हर संभव में सहयोग प्रदान करना ब्लॉक में जितनी भी ब्राह्मण समाज के लोग हैं उन्हें संगठन में और जोड़कर संगठन को मजबूत करना हम सभी ब्राह्मण समाज को हर समय एकता एवं संगठन के माध्यम से बड़ा-बड़ा कार्य जहां हो रहे हैं वहां पर हमें सहयोग देना जिससे हमारी पहचान बनेगी और समाज की एकता अखंडता बरकरार रहेगी।

- 19 को हवन-पूजन और 24 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा



### संगठन की शक्ति पर चर्चा


बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई तथा आयोजन की सफलता के लिए सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। तय कार्यक्रम के अनुसार 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जी के प्रकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में हवन पूजन किया जाएगा, जबकि 24 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं सामाजिक, शासकीय तथा प्रशासनिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का नाम चयन करना ऐसे विभिन्न मुद्दों में चर्चा हूई । इस अवसर पर नीलकमल शर्मा, टेकराम पांडे, विनय शर्मा, कैलाश तिवारी, मिथिलेश तिवारी, रिषभ चौबे, श्रवण तिवारी, महेश्वर, रामेश्वर मिश्रा, राहुल पांडे, राकेश त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। महिला प्रकोष्ठ से यशप्रभा पांडे, शीला शुक्ला, श्वेता पांडे, रोशनी शर्मा, प्रगति तिवारी, फाल्गुनी मिश्रा, किर्ती मिश्रा एवं श्रद्धा त्रिपाठी की उपस्थिति रही।

# अवैध ईंट भट्ठों के संचालन से क्षेत्र में बढ़ा प्रदूषण, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर/पलारी

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम गिधपुरी, सहाडा भरूवाडीह, भवानीपुर, खपरी, वटगन, ओडान, दतरेंगी कुसमी घोटिया बिनौरी और सेमरिया सहित विभिन्न स्थानों में मुख्य सड़क किनारे कई स्थानों पर अवैध रूप से बड़े पैमाने पर ईंट भट्ठों का संचालन लगातार जारी है। इन भट्ठों से निकलने वाले धुएं और राख के कारण क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, भट्ठों से उठने वाले घने धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही आसपास की कृषि भूमि और फसलों पर भी इसका प्रतिकूल असर साफ दिखाई दे रहा है। किसानों का कहना है कि राख और धुएं के कारण फसलों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिससे उत्पादन में कमी की आशंका बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार, जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा द्वारा अवैध ईंट भट्ठों की जांच एवं कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पलारी नायब तहसीलदार अंतर्गत ग्राम धमनी में 10 लाख 30 हजार ईंटें जप्त की गई थीं, लेकिन अन्य स्थानों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।



### कड़ी कार्रवाई की मांग

कई स्थानों में ईंटा भट्ठा बनाने वाले लोग बिना परमिशन से हरा भरा वृक्ष काटकर भी उपयोग कर रहे हैं आने वाली स्थिति में हम लोग को ऑक्सीजन लेने के लिए भी गंभीर समस्या हो जाएगी। एक तरफ शासन द्वारा वृक्ष लगाओ करके कहा जा रहा है कि आने वाले दिन सुख में रहे आने वाले वीडियो को फल फूल इत्यादि प्राप्त जिससे बच्चे स्वस्थ रखें ।ग्रामीणों का आरोप है कि बिना वैध अनुमति और निर्धारित मानकों का पालन किए कई स्थानों पर ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। कई बार शिकायत और सूचना देने के बावजूद अब तक प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि अवैध ईंट भट्ठों की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण और जन स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस संबंध नायब तहसीलदार पलारी से जानकारी के लिए फोन लगाया गया परंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किए ।

## पेज 9 के शेष

### मेडिकल स्टोर की...

ही आरोपी से इन प्रतिबंधित दवाइयों से प्राप्त बिक्री रकम 500 भी जप्त किया गया है। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा बरामद दवाइयों का खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग से भी अवलोकन कराया गया जिसमें इन सभी दवाइयों का प्रतिबंधित होना एवं अवैध मादक पदार्थ के रूप में उपयोग होना पाया गया। कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध 139/2026 धारा 21(B) NDPS एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### गांजा बेचते चार...

में आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली मे धारा 20B NDPS एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है। आरोपियों के नाम पदुम दास मानिकपुरी उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम करमदा थाना सिटी कोतवाली दुकान संचालक, पंकज कुमार सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम घोराघाट थाना डोभी जिला गया बिहार वर्तमान पता सकरी चौक से रिसदा रोड बाईपास सिंह ढाबा सकरी ढाबा संचालक, प्यारेलाल यादव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम करमदा थाना सिटी कोतवाली, चंद्र कुमार पैकरा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम डमरू थाना सिटी कोतवाली।

### एक ही रात...

की सक्रियता एवं रात्रि गश्त पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात्रि गश्त को और अधिक सख्त किया जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जाए, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इधर, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही संदिग्धों की पहचान के प्रयास भी जारी हैं।

व्यापार समूहों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी गाड़ियों को सुरक्षित स्थानों पर खड़ी करें तथा घरों और गलियों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं। इससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की पहचान कर आरोपियों तक जल्द पहुंचा जा सकेगा। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से शहर में असुरक्षा का माहौल बन गया है, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।



## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब बरामद एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद**। गुरुद्वारा पारा स्थित एक मकान के सामने से बागबाहरा पुलिस ने देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि गगन सलूजा पिता हरभजन सलूजा निवासी वार्ड नं. 8 गुरुद्वारा पारा अपने मकान के सामने अवैध रूप से देशी प्लेन शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने 25 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध 34(1) क आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### चाकू लहरा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**महासमुंद**। गढ़पटनी रोड सिटी मैदान के पास चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे एक व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नरेश ओगरे पिता मालिक राम ओगरे (36 साल) वार्ड क्र 02 भगत सिंह वार्ड बसना एक बड़ा धारदार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट तहत कार्रवाई की और गिरफ्तार किया।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद**। हाइसिंग बोर्ड कॉलोनी परसकोल रोड में रहने वाली एक महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की निवासी दुलारी ने रिपोर्ट लिखाई है कि 03 अप्रैल की रात्रि करीब 10.23 बजे घर के दरवाजा को किसी ने जोर से मारा, जब उसने बाहर जाकर देखा तो उसका पड़ोसी खड़ा था। दरवाजा को मारने संबंधी पूछताछ करने पर वह विवाद करने लगा। इसी बीच उसके घर के ऊपर कमरे में रहने वाला सनी साहू आया और गाली गलौज करने लगा तथा किसी चीज से सिर में मारा। मामले की रिपोर्ट पर महासमुंद कोतवाली थाने में आरोपी सनी साहू के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के बीच मारपीट

**महासमुंद**। पुरानी रंजिश को लेकर पिथौरा में दो लोगों के बीच मारपीट के मामले में अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मंदिर चौक वार्ड नं 10 निवासी दीपक डडसेना और वार्ड नं. एक अमरैयापारा निवासी विजय कुमार यादव उर्फ डागा पिता दिलीप यादव के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद और मारपीट हो गई। दोनों ने ही एक-दूसरे के खिलाफ पिथौरा थाने में मामला दर्ज कराया है। जिस पर धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### खेत से सोलर पंप चोरी

महासमुंद। खेत में लगे सोलर पंप चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कार्तिकराम प्रभाकर निवासी बुंदेली ने बताया कि 02 अप्रैल की रात पिथौरा जाने के मार्ग में स्थित खेत में सिंचाई हेतु लगे सोलर पंप कीमत 5000 की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# हनुमान जयंती पर भक्ति का संगम, खाटू श्याम भजन संध्या में झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर अग्रसेन राइस इंडस्ट्रीज परिसर में खाटू श्याम प्रकटोत्सव एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हनुमान जन्मोत्सव के साथ हुई, जहां विधिवत पूजा-अर्चना और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इसके पश्चात सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दिनभर भक्तजन भक्ति भाव से पूजा-पाठ में लीन रहे। संध्या समय खाटू श्याम का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। केडिया परिवार के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में रायगढ़ के प्रसिद्ध भजन गायक शिवम वैष्णव ने खाटू श्याम के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे और जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। रात्रि 12 बजे खाटू श्याम की महाआरती की गई, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। भजन संध्या के दौरान महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने भजनों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई, जिसने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित शामिल हुए।

**सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का हुआ सामूहिक पाठ**





## आयोजन : उमंग वार्षिकोत्सव में दाऊ कल्याण सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

# दाऊ कल्याण सिंह की 150वीं जयंती पर उमंग का उल्लास, छात्रसंघ ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह एवं वार्षिकोत्सव 'उमंग' का गरिमामय एवं भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ के भामाशाह के रूप में विख्यात समाजसेवी दाऊ कल्याण सिंह की 150वीं जयंती के अवसर पर किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, गणमान्य अतिथियों एवं अग्रवाल समाज के लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दाऊ कल्याण सिंह की आदमकद प्रतिमा के विधिवत अनावरण के साथ हुआ। अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान को स्मरण किया और उनके आदर्शों को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने छात्रसंघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में यमन कुमार वर्मा ने अपनी टीम कावेरी, वेदप्रकाश, सौरभ वर्मा, पूजा चौहान, लोचन गवेल, नागेश प्रकाश, नंधाना राज, सौम्या मिश्रा, मिताली साहू के साथ पदभार ग्रहण करते हुए महाविद्यालय एवं छात्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।



### कृषि अनुसंधान और स्वास्थ्य पर जोर

समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति गिरीश चंदेल ने कहा कि कृषि शिक्षा केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे खाद्य उत्पादों के अनुसंधान एवं उत्पादन हेतु प्रेरित किया, जो मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान में कृषि वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वार्षिकोत्सव उमंग 2026 के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को जीवंत बना दिया। विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, समूहगान एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने सराहा। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और रचनात्मकता का वातावरण व्याप्त रहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, संचालक अनुसंधान, डॉ. संजय शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष जे.के. अग्रवाल, महिला अग्रवाल समाज अध्यक्ष विंध्या अग्रवाल, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एच.एल. सोनबोइर, डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा, दाऊ कल्याण सिंह के वंशज अनूप अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### विकास की मांग और कुलपति का आश्वासन

इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष यमन कुमार वर्मा ने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए ऑडिटोरियम, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं तथा छात्र-छात्राओं के लिए अतिरिक्त छात्रावास भवन की मांग रखी। कुलपति ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि संस्थान की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया जिसमें डॉ. टी. एल. कश्यप, डॉ. एस. एस. पोर्ते, डॉ. शरद श्रॉफ, डॉ. देवेंद्र उपाध्याय, डॉ. पी. आर. मिरझा, डॉ. मनीषा साहू, अतिथि शिक्षक डॉ मीनाक्षी मेश्राम, डॉ दीपिका साहू, डॉ. आकाश तिवारी, डॉ गंगाराम राणा एवं शिव कुमार वर्मा, पीयूष रामटेके, केशव वर्मा, असीम मिश्रा, शालिनी मिश्रा, शामिल रहे।

## मनीष कुमार पुनः प्रदेश साहू संघ आईटी सेल के प्रदेश प्रभारी महामंत्री नियुक्त

**पलारी**। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आई.टी. सेल प्रकोष्ठ द्वारा मनीष कुमार साहू को पुनः प्रदेश प्रभारी महामंत्री के पद पर व अन्य 16 पदाधिकारियों की नियुक्त किया गया है।यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू, आई.टी. सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू तथा प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति एवं अनुमोदन से की गई। मनीष साहू वर्तमान में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा में राष्ट्रीय युवा संगठन सचिव के रूप में छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इससे पूर्व भी वे आई.टी. सेल प्रकोष्ठ में प्रदेश प्रभारी महामंत्री, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी सहित कई महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। साथ ही, वे कसडोल विधायक एवं तेलघानी विकास बोर्ड के प्रथम अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त संदीप साहू के निज सचिव के रूप में भी अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। वर्तमान में वे आकाशवाणी रायपुर से जुड़े हुए हैं। अपने विभिन्न दायित्वों के दौरान श्री साहू ने संगठन को मजबूत बनाने, जनसंपर्क को विस्तार देने तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।



### रॉकी साहू बने साहू समाज आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक

**लवन**। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आईटी सेल प्रकोष्ठ में रॉकी साहू को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू, आईटी सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू तथा अन्य प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति एवं अनुमोदन से की गई। रॉकी साहू वर्तमान में नगर साहू संघ में मीडिया प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। इससे पूर्व भी वे तहसील साहू समाज के मीडिया प्रभारी एवं साहू समाज युवा प्रकोष्ठ में प्रदेश मीडिया प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।



# 5वीं-8वीं बोर्ड मूल्यांकन तेज छुट्टी के दिन भी डटे हैं शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री बीडी एस सेजेस स्कूल, खरोरा में पांचवी एवं आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तीव्र गति से जारी है, जिसमें शिक्षकगण छुट्टी के दिनों में भी पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं ताकि परीक्षा परिणामों की घोषणा यथाशीघ्र की जा सके।

मूल्यांकन कार्य शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न किया जा रहा है। इस कार्य में मुख्य मूल्यांकनकर्ता के रूप में युधिष्ठिर बुड़ेक, जितेंद्र वर्मा, योगिता देवांगन, कैलाश वर्मा, खिलावन प्रसाद यादव, रामकरण वर्मा, संजय वर्मा, नेमचंद धीवर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, वहीं मूल्यांकन कार्य में संलग्न शिक्षकगण धीरेंद्र कुमार वर्मा, सावित्री वर्मा, तारकेश्वर कुमार धीवर, दुर्गा वर्मा, नर्मदा साहू, रुखमणी रात्रे पूरी लगन से योगदान दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मूल्यांकन पश्चात उसी दिन ऑपरेटरों द्वारा ऑनलाइन एंट्री का कार्य भी किया जा रहा है, जिसमें नारायण प्रसाद देवांगन एवं देवेंद्र प्रताप सिंह दिन-रात मेहनत कर प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने में लगे हुए हैं। प्राचार्य रजनी मिंज द्वारा इस कार्य के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा समस्त मूल्यांकनकर्ताओं के समर्पण की सराहना की गई।

# प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को मिला जीत का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा शहर मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह प्रशिक्षण शिविर 4 अप्रैल से 5 अप्रैल 2026 तक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर सात चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण में वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश चंद्राकर ने वक्ता के रूप में मार्गदर्शन दिया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी ने की। द्वितीय चरण में विजय केसरवानी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी ने विचार व्यक्त किए। तृतीय चरण में पूर्व विधायक सनम जांगड़े ने संबोधित किया, जबकि अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने की।

चतुर्थ चरण में जिला महामंत्री कृष्ण अवस्थी ने प्रशिक्षण दिया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पटेल ने की। पंचम चरण में युवा नेता आशीष जायसवाल वक्ता रहे एवं अध्यक्षता शशिभूषण शुक्ला ने की। षष्ठम चरण में भाजपा जिला महामंत्री विजय यादव ने अपने विचार रखे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल बघेल ने की। सातवें एवं अंतिम चरण में वरिष्ठ नेता टेसूलाल धुरंधर ने मार्गदर्शन दिया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ नेता कृष्णा सेन ने की। प्रशिक्षण शिविर के दौरान क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की विशेष उपस्थिति रही।

उन्होंने विभिन्न सत्रों में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती एवं जनसेवा के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में बड़ी संख्या में मंडल के कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा, पार्षद, बूथ अध्यक्ष एवं पदाधिकारी शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही।









## कुथरौद में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# स्वास्थ्य शिविर में हृदय, किडनी और हड्डी रोग विशेषज्ञों ने जांचे 82 मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्रामीण अंचलों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार 5 अप्रैल को ग्राम कुथरौद में एक दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

आरोग्य सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित यह शिविर सभापति डॉ. मोहनलाल वर्मा के निज निवास पर संपन्न हुआ। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. चिराग अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक अग्रवाल, नेफ्रोलॉजिस्ट (किडनी रोग) डॉ. नितिन कुमार कथुरिया तथा जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मनीष बर्नवाल ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों की निःशुल्क शुगर एवं बीपी जांच भी की गई। शिविर में लगभग 82 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ कुथरौद, हिरमी, सकलोर, परसवानी, सरफोंगा सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों ने उठाया। ग्रामीण क्षेत्र में इस स्तर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता पर लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए आयोजकों का आभार जताया। सभापति डॉ. मोहनलाल वर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके घर के नजदीक ही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि समय रहते बीमारियों का पता चल सके और उनका उपचार प्रारंभ किया जा सके।





